हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

बिलासपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



वन अधिकार पत्र मांगने ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, किया प्रदर्शन

2





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### अवैध वसूली की शिकायत पर एसपी ने प्रधान आरक्षक को किया निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** अवैध राशि की वसूली से जुड़ी गंभीर शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा ने तत्काल प्रभाव से एक प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार आवेदक टी.आर. साहू, निवासी मड़वा द्वारा आरक्षक विनोद दिवाकर के खिलाफ रक्षित केंद्र में अवैध राशि की उगाही को लेकर लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रथम दृष्टया दोष पाए जाने पर प्रधान आरक्षक विनोद दिवाकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र जांजगीर-चांपा से संबद्ध कर दिया है।

### किसान स्कूल में 23 को किसान महोत्सव का आयोजन

**बहेराडीह।** बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा. इस अवसर पर राज्य स्तरीय 'किसान महोत्सव' का आयोजित किया जायेगा, जिसमें राज्य के 9 प्रगतिशील किसान, 9 पत्रकारों और किसान स्कूल के संग्रहालय में पुरानी विलुप्त चीजों को सहेजने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले 9 लोगों को सम्मानित किये जाएंगे, वहीं किसानों और बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना 23 दिसंबर 2021 में हुई है और देश के पहले किसान स्कूल का नामकरण राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर 23 दिसंबर 2023 को कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के नाम पर किया गया। प्रतिवर्ष यहां पर 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र में अनोखा काम करने वाले प्रदेश के 9 प्रगतिशील किसानों को किसान स्कूल परिवार द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में सम्मानित किया जाता है।

### जिले के अनेक स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कुल 7 नियोजक भाग लेंगे, जिनके माध्यम से लगभग 266 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा मेटलर्जी इंजीनियर, ट्रेलर ड्राइवर, जनरल मैनेजर मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल, आईटीआई टर्नर, मशीनिस्ट, हेड एनवायरनमेंट, हेड सस्टेनेबिलिटी, बॉयलर डीसीएस इंजीनियर, बॉयलर फील्ड ऑपरेटर, टरबाइन डीसीएस इंजीनियर, शिफ्ट इंजीनियर आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। 17 दिसम्बर को जनपद पंचायत अकलतरा कृषि उपज मंडी प्रांगण, मुरलीडीह रोड, अकलतरा में, 26 दिसम्बर को बलौदा के समरसता भवन, ग्राम पंचायत जावलपुर में, 7 जनवरी को जनपद पंचायत पामगढ़ के सद्भावना भवन, पामगढ़ में 16 जनवरी को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन, ग्राम पंचायत कपिस्दा, बम्हनीडीह में एवं 28 जनवरी जनपद पंचायत नवागढ़ को स्कूल संगठन भवन, ग्राम पंचायत खैरताल, स्कूल केरा रोड, नवागढ़ में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

सक्ती जिले के पिहरीद धान खरीदी केन्द्र का मामला, प्रभारी व ऑपरेटर को हटाने की मांग

# हर तौल में दो से ढाई किलो जिंदा नाराज किसान बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले के पिहरीद धान खरीदी केन्द्र में हर तौल में दो से ढाई किलो अधिक लिए जाने के मामले को लेकर किसानों ने मोर्चा खोल दिया। समिति अंतर्गत आने वाले पांचों गांव के किसान खरीदी केन्द्र में ही धरने पर बैठ गए। वे प्रभारी और ऑपरेटर को हटाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर विभागीय अधिकारी पहुंचे। इस दौरान मौके पर कुछ बोरियों का तौल कराया तो वास्तव में उनकी शिकायत सही मिली। ऐसे में कार्रवाई की मांग को लेकर किसानों को समझाईश देने का सिलसिला चलता रहा।



खरीदी केन्द्र के सामने धरना प्रदर्शन करते किसान।

मंगलवार 16 दिसंबर को सेवा सहकारी समिति पिहरीद पंजीयन क्रमांक 901 में धान बेचने पहुंचे किसानों ने मोर्चा खोल दिया। दरअसल यहां पिछले कई दिनों से धान की हर तौल में दो से ढाई किलो धान लिया जा रहा था। इस तरह की स्थिति को देखते हुए समिति अंतर्गत आने वाले ग्राम अमेराडीह, छोटे रबेली, सतगढ़, भूतहा और पिहरीद के किसान बड़ी संख्या में एकजुट होकर पहुंचे और समिति कर्मचारियों की मनमानी और किसानों से हो रही अवैध वसूली का पुरजोर विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान खरीदी केन्द्र के सामने ही धरने पर बैठ गए और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। किसानों के धरना प्रदर्शन करने के साथ ही केन्द्र में धान खरीदी का काम प्रभावित होने लगा। सूचना पर विभाग के अधिकारी हरकत में आए। अधिकारी पिहरीद खरीदी केन्द्र पहुंचे। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे नाराज किसानों ने जमकर भड़ास निकाली। किसानों का कहना था कि हर तौल में दो से ढाई किलो धान अधिक लिया जा रहा है। इसके अलावा तौल होने के उपरांत वहां कार्यरत हमाल 4 से 5 बोरी धान की अतिरिक्त धान करते है। अन्यथा सीधे सीधे रुपए की मांग की जाती है। इस तरह की स्थिति के चलते समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसान भारी परेशान है। नाराज किसानों ने तौले गए धान का फिर से तौल कराने और शिकायत की सत्यता परखने भी कहा। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ बोरियों का फिर से तौल कराया गया तो निर्धारित मात्रा से अधिक धान होना पाया गया। कुछ मिलाकर किसानों ने इस मामलों में खरीदी केन्द्र प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर को जिम्मेदार ठहराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### भेजे है प्रतिवेदन

धान खरीदी केन्द्र पिहरीद में अधिक मात्रा में धान लिए जाने की बात को लेकर किसानों के द्वारा खरीदी केन्द्र के सामने धरना प्रदर्शन किया गया है। इस मामले को लेकर प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा गया है।

-अनुज पटेल,
तहसीलदार, मालखरौदा

# प्रधान पाठक सस्पेंड, प्रभारी की रूकी वेतनवृद्धि, महिला समूह की छुट्टी

## मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों की तबीयत बिगडने के मामले में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मध्यान्ह भोजन करने के बाद बच्चों की तबीयत बिगडने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। इसी कड़ी में चौराभांठा स्कूल के प्रधान पाठक को निलंबित करते हुए मध्यान्ह भोजन प्रभारी की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए है। यही नही स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला स्व सहायता समूह की भी छुट्टी करते हुए दूसरे समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।



बच्चों से जानकारी लेते शिक्षक फाईल फोटो

गौरतलब है कि नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा में मध्यान्ह भोजन करने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। शनिवार 13 दिसंबर को हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत मंगलवार 16 दिसंबर को मामले में कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। विभागीय जानकारी के मुताबिक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौराभांठा की प्रधान पाठक श्रीमती किरण लता शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मध्यान्ह भोजन संचालन में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया। इसके मद्देनज़र विद्यालय में कार्यरत राहुल महिला स्व-सहायता समूह को कार्य से पृथक करते हुए उसके स्थान पर दूसरे पात्र महिला स्व-सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही प्रकरण में पर्यवेक्षण स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित मध्यान्ह भोजन प्रभारी जगेश्वर सिंह शिक्षक एल बी शास पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा की असंचयी प्रभाव से दो वेतनवृद्धि रोकने के आदेश संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्यालयों में सतत निरीक्षण और निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि मध्यान्ह भोजन संचालन में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया। इसके मद्देनज़र विद्यालय में कार्यरत राहुल महिला स्व-सहायता समूह को कार्य से पृथक करते हुए उसके स्थान पर दूसरे पात्र महिला स्व-सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा में मध्यान्ह भोजन करने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। शनिवार 13 दिसंबर को हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिस पर प्रधान पाठक को निलंबित किया गया है।

# बकाया वसूली को लेकर चला रहे अभियान, 43 उपभोक्ताओं के काटे गए कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली बिल बकाया राशि वसूली को लेकर विभाग के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 43 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए है। इन उपभोक्ताओं से 7 लाख 26 हजार रुपए की राशि वसूल की जानी है। लगातार हो रही कार्रवाई से बकायादारों में हडकंप मचा हुआ है।

- कार्रवाई से बिल बकायादारों में मचा हडकंप



विद्युत विभाग की टीम द्वारा मंगलवार 16 दिसंबर को 43 विद्युत उपभोक्ताओं पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। इन उपभोक्ताओं से 7 लाख 26 हजार रुपए की राशि वसूल की जानी है। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता के निर्देश के परिपालन में अकलतरा संभाग अंतर्गत अकलतरा उप संभाग में संभाग स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं से साथ कुल 10 टीम का गठन किया गया। कुल 849 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 117.00 लाख की दी गई। कुल 43 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 7.26लाख है। कुल 89 उपभोक्ताओं से 16.09 लाख की वसूली की गई।विदित हो कि अकलतरा क्षेत्र के 41 हजार सक्रिय उपभोक्ताओं से 61 करोड़ का विद्युत बिल बकाया है उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल भुगतान में रुचि नहीं दिखाई जा रही है इस कारण उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। विद्युत कनेक्शन काटने व टीमों का गठन कर डोर टू डोर विद्युत कनेक्शन काटने की यह दूसरी करवाई थी वर्तमान में दो माह से अधिक दिनों तक विद्युत बिल का भुगतान न करने पर कनेक्शन काटे गए उपभोक्ताओं से अपील किया जाता है कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल बकाया राशि वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध धान पर लगातार कार्रवाई जारी, 225 कट्टी धान जप्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध धान पर मंडी अधिनियम के तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार 16 दिसंबर को राजस्व,खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न ग्रामों में अवैध धान भंडारण के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 225 कट्टी धान जप्त किया गया। ग्राम अर्जुनी में प्रमोद कुमार बंजारे से 28 क्विंटल,ग्राम बनहिल में कमल किशोर से 37.20 क्विंटल, ग्राम कटघरी में जयप्रकाश नायक से 12.80 क्विंटल, ग्राम पंतोरा बलौदा में विनोद मरावी से 12 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया। इस प्रकार मंडी अधिनियम के तहत कुल 90 क्विंटल अवैध धान जप्त कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई से बिचौलियों में हडकंप मचा हुआ है।

# जिला सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष बनीं रजनी, किसान हित में करेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रजनी सत्तू साहू का स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती साहू ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता किसानों के हितों का ध्यान रखना है। साथ ही किसानों को फसल बेचने से लेकर खाद, बीज पाने में किसी तरह की परेशानी ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**खास बात**

- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रह चुकी है जिलाध्यक्ष

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा श्रीमती रजनी सत्तू साहू को जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर के श्रीराम चौक में आतिशबाजी एवं मिठाई बताकर खुशियां मनाई गई। श्रीमती रजनी सत्तू साहू वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष पद पर हैं एवं पूर्व में हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। श्रीमती रजनी सत्तू साहू ने कहा कि पार्टी संगठन एवं शासन ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है उसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। मेरा प्रयास होगा कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल बेचने एवं खाद प्राप्त करने में ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्राप्त हो वही बैंक के अन्य ग्राहकों को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।श्रीमती साहू वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद पर हैं एवं पूर्व में हुए भाजपा महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

## बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के 2 अस्थायी भंडारण अनुज्ञप्ति निरस्त

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 8 वाहनों की बनाई जब्ती


हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

खनिज विभाग उडनदस्ता दल एवं राजस्व अमला द्वारा जिले के विभिन्न स्थानो पर अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानों का औचक निरीक्षण कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 8 वाहनों को जब्त किया गया है।



जब्त चैन माउंटेन के साथ खनिज विभाग के अधिकारी।

खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि जांच के दौरान चांपा क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध भण्डारण स्थल से 1 ट्रैक्टर एवं अवैध परिवहन कार्य में संलिप्त 04 ट्रैक्टर पाया गया। अवैध भण्डारण व परिवहन कार्य में संलिप्त पाये जाने के कारण उक्त वाहनो को खनिज नियमो के तहत जब्त कर चॉपा थाना के सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम बरसपुर स्थित हसदेव नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन कार्य में संलिप्त चैन माउंटेन मशीन को जब्त कर सील किया गया है। इसी प्रकार तहसील बलौदा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रेत परिवहन पर 3 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं राजस्व अमला द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है की विगत दिवस जिले के बम्हनीडीह क्षेत्रांतर्गत छ.ग. नियम 2009 के तहत ग्राम अमोदी में मेसर्स आर बी कंस्ट्रक्शन के पक्ष स्वीकृत गौण खनिज रेत के अस्थाई भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नियमो का बार-बार उल्लंघन तथा पाई गई अनियमितता का समाधान नहीं किये जाने एवं ग्राम बम्हनीडीह में मेसर्स बाबा सिद्धेश्वर कंस्ट्रक्शन के पक्ष में स्वीकृत खनिज रेत के अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अनियमितता किया जाना व भण्डारण नियमो का उल्लंघन तथा कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने कारण उक्त स्वीकृत दोनो अस्थायी भण्डारण अनुज्ञप्ति को निरस्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### बरपाली में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कोरबा।** ग्राम बरपाली में आयोजित शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण अंचलों की टीमों ने भाग लिया गया। लीग पद्धति से खेले गए प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नोनबिर्रा की टीम ने जीता। वहीं उपविजेता का खिताब गिदकलो की टीम को दिया गया। बरपाली के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के मुकाबले के मुख्य अतिथि के रुप में हरिभूमि संवाददाता चंद्रेश कश्यप एवं ग्राम पंचायत सरपंच रामजीवन कंवर, समाज सेवक शंभू चौहान, सचिव गनपत टोप्पो, विशिष्ठ अतिथि उप सरपंच हेम बाई महंत, शांति लाल साहू, जनपद सदस्य दीपक कंवर ग्राम पंचायत बरपाली के पंचगण और ग्रामीण क्षेत्र के दर्शकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### साहित्यकारों ने वन भोज का लिया आनंद



**कोरबा।** साहित्यकारों ने प्रकृति की गोद में पहुंचकर वन भोज का आनंद उठाया। प्राकृतिक छटा का आनंद उठाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर साहित्यकारों ने एक दूसरे के साथ खुशियां बांटी। देवपहरी पिकनिक स्पॉट इन दिनों खूब गुलजार है। पूरा क्षेत्र पिकनिक मनाने वालों की किलकारियों से गूंज रहा है। पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य सदन समिति के सदस्यों ने देवपहरी में आनंद उठाया। कई खेलों का आयोजन किया गया। खेल में विजय श्री हासिल करने वालों को सम्मानित करते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारे इस परिवार की सर्वत्र सराहना होती है। सभी साहित्य साधना के साथ ही एक दूसरे के साथ सुख-दुख में भागीदार बनते हैं। वन भोज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साहित्य समिति के पदाधिकारियो और वरिष्ठ सदस्यों ने तन मन धन से सहयोग देकर सफल बनाया।

### सुदूर इलाकों में पहुंच रहा राम नाम लेखन महायज्ञ



**कोरबा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की दूसरी वर्षगांठ पर विभिन्न प्रकार के सोपान के अंतर्गत काम किया जा रहा है । राम नाम लेखन अनुष्ठान इसी का एक हिस्सा है, जिसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित किया जा रहा है । कोरबा जिले में अभियान को गति मिल रही है। अभियान की योजना के तहत 3 लाख घरों तक पुस्तिका वितरित की जा रही है। जिनमे लोग राम नाम लिख रहे है। अभियान के अंतिम चरण में पुस्तिकाओं को अयोध्या भिजवाया जाएगा। बताया गया है कि सभी क्षेत्रों में अभियान को लेकर लोग उत्साहित है। पूरा अभियान जनभागीदारी से सम्पन्न हो रहा है। पिछले दिनों राम लेखन कार्य को लेकर उरगा क्षेत्र में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमलेश अनंत, अविनाश कंवर को सहसंयोजक बनाया गया। आने वाले दिनों में पालक नरेश पटेल द्वारा बैठक ली जाएगी। इस बैठक में राम लेखन कार्य के लिए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। राम लेखन के लिए लोगों को पुस्तिका दिए जाएंगे। यह कार्य सभी सक्ती केन्द्रों में होगा। कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, राम लेखन कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अयोध्या से पुस्तिका आयी हुई है। जिसका वितरण किया जा रहा है।

# अगले वित्तीय वर्ष से 19 उपार्जन केंद्र आएंगे पूर्ण रुप से समिति के अस्तित्व में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले वर्ष से जिले में नई सहकारी समिति बनाने के लिए कराए गए परिसीमन के बाद 19 बड़े उपार्जन केंद्रों को समिति का पंजीयन नंबर तो दे दिया गया किंतु अभी भी वह उपार्जन केंद्रों के रुप में काम कर रहे हैं। अगले वित्तीय वर्ष से इन 19 बड़े उपार्जन केंद्रों को समिति का दर्जा मिलेगा तब तक उन्हें पुरानी समिति के साथ उपार्जन केंद्र के रुप में ही कार्य करना पड़ेगा।

अलग खबर

सहकारी समितियों के नए सिरे से परिसीमन को लेकर सहकारिता विभाग के द्वारा प्रस्ताव मंगाए गए थे। उन प्रस्ताव के बाद सहकारिता विभाग के मैदानी अमले के द्वारा उपार्जन केंद्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की दूरी, धान की बिक्री सहित सभी तरह के मानदण्डों के तहत सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई। उक्त रिपोर्ट के बाद जब शासन को भेजी गई उपार्जन केंद्रों के नाम एवं ग्रामों की संख्या तब शासन की ओर से 19 नए सहकारी समिति बनाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी गई। हाल ही में जब धान खरीदी की प्रक्रिया शुरु करने की घोषणा हुई तब 19 समितियों को पंजीयन नंबर प्रदान कर दिया गया। इससे उपार्जन केंद्रों के कर्मचारियों को ये उम्मीद जगी कि इस वर्ष की धान खरीदी से ही उपार्जन केंद्रों को सहकारी समितियों के पूरे अधिकार मिल जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सभी 19 उपार्जन केंद्र समितियों का पंजीयन लेकर उपार्जन केंद्र की तरह की काम कर रही हैं। सभी 19 उपार्जन केंद्र जिन समितियों के अधीन कार्य करते थे उनके साथ ही खरीदी की प्रक्रिया चला रहे हैं। बताया जाता है कि अगले वित्तीय वर्ष से सभी 19 उपार्जन केंद्रों को सहकारी समिति का दर्जा दे दिया जाएगा उसके बाद इनके संचालक मंडल का चुनाव किया जाएगा और वित्तीय अधिकार दिए जाएंगे।

## होगा संचालक मंडल का गठन

**खास बात**

- पंजीयन नंबर देने के बाद अबी भी उपार्जन केन्द्र के रूप में ही कर रहे काम



**अभी समिति का नहीं दिया दर्जा**

जो 19 उपार्जन केंद्र को सहकारी समिति बनाने के लिए स्वीकृति मिली थी उन्हें अगले वित्तीय वर्ष से सहकारी समितियों का दर्जा दिया जाएगा। अभी उपार्जन केंद्र की तरह की काम करेंगे। वर्तमान में जिले में 41 पुरानी समितियां हैं और 24 उपार्जन केंद्र हैं।

-एम आर ध्रुव
डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2547 करोड़ का मिला है लक्ष्य

# खनिज विभाग ने 48 फीसदी ही कर पाया वसूली चार महीने में जुटाना होगा 52 फीसदी राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग बीते वित्तीय वर्ष में अपने लक्ष्य से पिछड़ गया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष में भी जिले के खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया है और

**खास बात**

- नवंबर महीने तक 1223 करोड़ ही कर पाया राजस्व वसूली

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज चार माह ही शेष है और अब तक खनिज विभाग ने मात्र 48 फीसदी ही राजस्व लक्ष्य को हासिल कर पाया है। शेष चार महीने में विभाग को 52 फीसदी राजस्व लक्ष्य को जुटाना है जिसके लिए खनिज विभाग के अफसरों ने तैयारी शुरु कर दी है और आने वाले महीनों में विभाग पूरे दमखम के साथ राजस्व लक्ष्य को हासिल करने का हर संभव प्रयास करेगा।

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 अपने लक्ष्य से पीछे हो गया था। दरअसल कोरबा राजस्व वसूली मामले में एक दशकों से भी अधिक रिकार्ड तोड़ने वाला पहला जिला माना जाता है, लेकिन निर्धारित लक्ष्य से हमेशा से ज्यादा राजस्व देने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़ गया था। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग को 32 सौ करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में विभाग ने 2156 करोड़ का राजस्व की वसूली कर पाया था जो कुल राजस्व का 67.37 फीसदी है। राजधानी में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अफसरों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में के लिए राजस्व लक्ष्य को कम करते हुए 2547 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया है। नवंबर महीने तक जिले


फाइल फोटो

## कोयले से ही मिलता है 99 फीसदी राजस्व

खनिज विभाग के सहायक उप संचालक प्रमोद कुमार नायर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में राजस्व वसूली में सबसे ज्यादा कोयले से ही प्राप्त होता है। लगभग 99 फीसदी राजस्व कोयले से ही हासिल किया जाता है। बचे शेष राजस्व गौण खनिज रेत, गिट्टी, मुरुम और मिट्टी से भी राजस्व प्राप्त होता है। खनिज विभाग जिले के प्रमुख कोयला खदान गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा एरिया के खदान से राजस्व प्राप्त होता है।

**लक्ष्य हासिल करने होगा प्रयास**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में नवंबर महीने की स्थिति में 1223 करोड़ राजस्व लक्ष्य जुटा पाया है जो कुल राजस्व का 48 फीसदी है। बचे शेष महीनों में विभाग लक्ष्य को हासिल करने का हर संभव प्रयास करेगा।

-**प्रमोद कुमार नायक,** उप संचालक खनिज विभाग कोरबा

## किस खदान ने कितना किया उत्पादन

जिले के प्रमुख खदानों में कोयलाउत्पादन की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कोरबा एरिया को 8.87 मिलियन टन का राजस्व लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में कोरबा एरिया ने अब तक 4.78 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गय है जबकि इसी तरह कुसमुंडा खदान को इस वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जिसके एवज में 17.4 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर पाया है। जबकि गेवरा खदान को सबसे ज्यादा 63 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। जिसके एवज में 31.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन हो पाया है जबकि दीपका कोयला खदान को 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है जिसके एवज में 24.7 मिलियन टन उत्पादन हो पाया है।

# जंगली सुअर के हमले से चौकीदार घायल, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल अंतर्गत दर्री सर्किल में जंगली सुअर के हमले की एक गंभीर घटना सामने आई है। तहसील कार्यालय के पीछे स्थित मणीकंचन कचरा संग्रहण केंद्र में तैनात 60 वर्षीय चौकीदार लोरिक लाल यादव पर जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।


घायल

जानकारी के अनुसार, दर्री के नगोईखार श्यामनगर निवासी लोरिक लाल यादव रविवार रात अपनी ड्यूटी पर थे और सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान कुछ बकरियां कचरा संग्रहण केंद्र में घुस गईं। बकरियों को बाहर खदेड़ने के लिए वे हाथ में डंडा लेकर थोड़ी दूर जंगल की ओर चले गए। बकरियों के झुंड में एक जंगली सुअर भी मौजूद था, जिसका अंदाजा चौकीदार को नहीं था। अचानक झुंड से निकलकर सुअर ने उन पर हमला कर दिया और जिससे लोरिक लाल को गंभीर चोटें लगी है। घटना की सूचना मिलने पर मणीकंचन केंद्र के सुपरवाइजर ने परिजनों को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल चौकीदार को ऑटो रिक्शा से मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कोरबा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत के निर्देश पर वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित को विभाग की ओर से तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई।

### बकरी चराने को लेकर कहासुनी पत्नी ने जहर खाकर दे दी जान

**कोरबा।** बकरी को चराने के नाम पर पति-पत्नी के बीच कहा सुनी हो गई। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पति से नाराज पत्नी ने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब पत्नी की तबीयत बिगड़ी तो आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# वन अधिकार पत्र मांगने ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के पोंडी उपरोड़ा विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम रामपुर के सैकड़ों किसान सोमवार को अपनी वर्षों पुरानी मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने वन अधिकार पत्र नहीं मिलने से नाराज होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि वे बीते तीन पीढ़ियों से इस क्षेत्र में काबिज हैं और वर्षों से खेतों में खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें वन अधिकार पत्र नहीं मिल पाया है। वन अधिकार पत्र के अभाव में वे समर्थन मूल्य पर अपना धान भी नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि एक फड़ प्रभारी द्वारा 5 हजार रुपये लेकर फर्जी वन अधिकार पत्र तैयार किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे फर्जीवाड़े के कारण उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं और वे लगातार प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोंडी उपरोड़ा एसडीएम मनोज बंजारे और तहसीलदार विनय देवांगन मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ वन अधिकार पत्रों पर कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

## क्षेत्र का किया जाएगा निरीक्षण

एसडीएम मनोज बंजारे ने कहा कि प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा और वन अधिकार पत्र के दायरे में आने वाले सभी किसानों की सूची तैयार की जाएगी ताकि पात्र किसानों को नियमानुसार वन अधिकार पत्र प्रदान किया जा सके। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने फिलहाल अपना आंदोलन शांत किया लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगे और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## एसपी ऑफिस से तहसील कार्यालय की सड़क हो रही चौड़ी

# सड़क चौड़ीकरण की राह में अवैध ठेले गुमटियां बन रहे रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साकेत भवन के सामने से लेकर तहसील कार्यालय तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरु कर दिया गया है लेकिन उसके इस कार्य में अवैध ठेले गुमटियां रोड़ा बन रहे हैं। जिससे सड़क मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले सैकड़ों वाहनों को सड़क चौड़ीकरण का लाभ नहीं मिल सकेगा। जब तक अवैध ठेले गुमटियों को व्यवस्थित ना किया जा सके।

शहर की सड़कों के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण का कार्य शुरु कर दिया गया है। पहले चरण में नगर निगम साकेत भवन के सामने से लेकर तहसील कार्यालय तक जाने वाली सड़क को शामिल किया गया है। बीते एक पखवाड़े से सड़क के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है।


तहसील रोड का चल रहा चौड़ीकरण का कार्य।

उक्त सड़क के बरसात में पूरी तरह जर्जर होने के कारण जगह जगह गड्ढे होने और उससे उड़ने वाली धूल से आम राहगीर परेशान हो रहे थे। सड़क के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण होने से आम लोगों को कुछ राहत तो मिली ही लेकिन सड़क के चौड़ीकरण की राह में एसपी ऑफिस के बगल और पुराने कोर्ट के आसपास सड़क के दोनो ओर लगे अवैध ठेले गुमटियां रोड़ा बन रहे हैं। उक्त क्षेत्र में भी सड़क का चौड़ीकरण किया गया है लेकिन गुमटियों के आसपास खड़े रहने वाले वाहनों की वजह से सड़क सकरी हो जाती है और इससे वाहनों का जाम लग जाता है। सिंचाई कालोनी से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, राजस्व कालोनी एवं अन्य रिहायशी क्षेत्रों में जाने के लिए यह एक प्रमुख सड़क है। जिससे प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं इनमें स्कूल बसों से लेकर शासकीय अधिकारियों की गाड़ियां तथा आम लोगों की गाड़ियां गुजरने से जाम का सामना हर 1-2 घंटे में करना पड़ता है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
ग्राम हरेठीकला प.ह.नं.
दिनांक 15/12/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भोलाराम पंकज पिता श्री स्व. दुजेराम पंकज जाति सतनामी निवासी हरेठीकला तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिताजी स्व. दुजेराम पंकज के मृत्यु दिनांक 09/10/2010 स्थान हरेठीकला पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/12/2025 समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/25 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतो का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# मुझसे एक्टिंग नहीं होती, रोता हूं तो लोग मुझ पर हंसते हैं : सलमान

**मुंबई।** सलमान खान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मजमा ही लूट लिया। फेस्टिवल में सलमान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि उन्हें एक्टिंग नहीं आती है। और अगर वह रोते हैं तो लोग उन पर हंसने लगते हैं। सलमान ने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टारडम और शोहरत के बारे में बात करने के बजाय कमियों पर बात की। सलमान खान ने खुद का मजाक उड़ाया और कहा कि वह खुद को एक महान कलाकार नहीं मानते। यहां तक कि उन्हें लगता है कि लोग स्क्रीन पर उनके रोने पर भी हंसते हैं। लेकिन वहां मौजूद लोगों से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने असहमति जताई। हालांकि, सलमान की ईमानदारी पर सब फिदा हो गए।

लाइफStyle



# कृति

## मैं कुछ मजेदार और ताजा करना चाहती थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन इन दिनों 'कॉकटेल 2' की शूटिंग कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इस फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए हैं। कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं।


उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में'ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। 'तेरे इश्क में' एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं। कृति ने कहा कि 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर बनी, मुझे इसकी बहुत चाह थी। मैं एक नई, शहरी और मजेदार रोमांटिक कॉमेडी में काम करना चाहती थी। यह बहुत मजेदार रहा है, हमने लगभग दो बड़े शेड्यूल शूट कर लिए हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भानुशाली के साथ मिलकर बनाएंगे फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच एक और बड़ी क्रिएटिव साझेदारी की सुगबुगाहट ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। एक्शन और भव्यता के लिए मशहूर हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे अब भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के साथ मिलकर एक नई फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्देशन एंथनी डिसूजा करेंगे, जबकि संगीत की कमान भारत के संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान के हाथों में होगी। माइकल बे को दुनियाभर में बैड बॉयज़, आर्मगेडन, पर्ल हार्बर और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है।




# रोमांटिक से लेकर थ्रिलर ड्रामा तक में जमाया था रंग

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड डायरेक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की हत्या हुई है। रॉब रेनर हॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और एक्टर थे। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 6 मार्च, 1947 को रॉब का जन्म एक यहूदी परिवार में हुआ। पिता कॉर्ल रेनर एक मशहूर एक्टर, कॉमेडियन थे। पिता के कारण ही उनका रुझान भी फिल्मों की तरफ हुआ। रॉब रेनर ने अपने करियर में कई हिट फिल्में बनाईं। एक फिल्म तो ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी हुई। रॉब रेनर ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक्टिंग से की थी। उन्हें टीवी सीरियल ऑल इन द फैमिली से पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद उन्होंने डायरेक्शन में कदम रखा। दिस इज स्पाइनल टैप, स्टैंड बाय मी, द प्रिंसेस ब्राइड, व्हेन हैरी मेट सैली, मिजरी, ए फ्यू गुड मैन जैसी हिट फिल्मों का डायरेक्शन किया।



# पति और बेटी के साथ बिताए खास पल

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अब एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। यही कारण है कि वो काम के सिलसिले में अक्सर भारत भी आती रहती हैं। साथ ही अमेरिका में अपने घर पर भी टाइम बिताती हैं। अब अभिनेत्री ने घर पर पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इनके साथ ही एक्ट्रेस ने ये बताया है कि घर पर बिताए पल वाकई खास ही होते हैं। प्रियंका ने सोमवार सुबह अपने इंस्टाग्राम पर परिवार के साथ घर पर बिताए गए कुछ पलों को साझा किया है। इन तस्वीरों में निक और प्रियंका के प्यार से लेकर मालती के साथ मां की ममता तक देखने को मिलती है। एक तस्वीर में प्रियंका निक की बाहों में आराम से लेटी हुई हैं, जबकि दूसरी में निक उन्हें प्यार से चूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस जोड़े को घर पर कैंडललाइट डिनर का आनंद लेते हुए भी देखा जा सकता है।



# तस्कर में इमरान-शरद निभाएंगे भूमिका

**मुंबई।** इमरान हाशमी अब एक नई सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब'। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सीरीज की घोषणा करते हुए मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सीरीज की शूटिंग के दौरान की झलक देखने को मिलती है। जिसमें निर्देशक नीरज पांडे डायरेक्शन करते नजर आते हैं। साथ ही इमरान हाशमी और शरद केलकर समेत सीरीज की स्टारकास्ट अलग-अलग सीन में नजर आती है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि यह सीरीज एक्शन-सस्पेंस-थ्रिलर होने वाली है। अनाउंसमेंट वीडियो में इमरान हाशमी कस्टम ऑफिसर की यूनिफॉर्म में नजर आते हैं। जबकि शरद केलकर अलग-अलग अंदाज में दिखते हैं। फिलहाल अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

टीवी मसाला



# 20 से आएगा द ग्रेट इंडियन कपिल शो का चौथा सीजन

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ। ये नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। शो की शूटिंग से जुड़ी चर्चाएं पहले से ही चल रही थीं। लेकिन. अब ये भी साफ हो गया कि शो का पहला गेस्ट कौन होगा। सोमवार को नेटफ्लिक्स की ओर से इंस्टाग्राम पर शो को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये भी बता दिया कि शो का पहला गेस्ट कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा होंगी। प्रियंका चोपड़ा और कपिल का एक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'जब देसी गर्ल आती हैं, तो माहौल बेहद मजेदार हो जाता है। प्रियंका चोपड़ा द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के प्रीमियर एपिसोड में शामिल होंगी। पिछले दिनों प्रियंका चोपड़ा 12 घंटों से भी कम के लिए मुंबई आई थीं। इस दौरान वो सिर्फ कपिल शर्मा के शो के लिए ही स्वदेश वापस आई थीं। प्रियंका शो की शूटिंग करके तुरंत ही अमेरिका वापस लौट गई थीं। उस वक्त शूटिंग के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें कपिल ने बड़े ही जोरदार अंदाज में प्रियंका का अपने सेट पर स्वागत किया था। इसके बाद शो में जज के तौर पर नजर आने वाले नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी तस्वीरें साझा की थीं।

## टीचर ने केबीसी में बिग बी को करवाया योग

**नई दिल्ली।** झीलों की नगरी उदयपुर की योगा टीचर प्रतिभा सिंह ने लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी उपस्थिति से खास पहचान बनाई।




प्रतिभा ने ज्ञान, आत्मविश्वास और योग के माध्यम से शो में एक यादगार क्षण रचते हुए साढ़े सात लाख रुपए की राशि जीती। इसी दौरान उन्होंने सदी के महानायक अमिताभ बच्चन को योग से जुड़े अभ्यास भी करवाए, जिसने इस एपिसोड को दर्शकों के लिए खास बना दिया। पेशे से योग शिक्षिका प्रतिभा सिंह ने शो के दौरान बिग बी को भ्रामरी प्राणायाम और ताड़ासन की योग क्रियाएं करवाईं। अमिताभ बच्चन ने भी पूरे उत्साह के साथ इन योग क्रियाओं को किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा और यह क्षण सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना। प्रतिभा सिंह ने बताया कि उनका चयन केबीसी में भीम यूपीआई के माध्यम से हुआ था। चयन के बाद वे मुंबई पहुंचीं, जहां शो की रिकॉर्डिंग के दौरान उनके साथ पति सुमित जैन, माता बीना सिंह और सास पवन जैन भी मौजूद रहीं।

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

*नई दिल्ली। दिसंबर का तीसरा हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए खास होने वाला है। 15 से 21 दिसंबर के बीच अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं, जो रोमांस, थ्रिलर, कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और ड्रामा- हर तरह के दर्शकों का मूड सेट कर देंगी। साल के आखिरी दिनों में घर बैठे बिंज-वॉच का प्लान बना रहे हैं, तो ये लिस्ट आपके लिए परफेक्ट है।*

***मिसेज देशपांडे*** *: सबसे ज्यादा चर्चा में है माधुरी दीक्षित की नई सीरीज 'मिसेज देशपांडे'। इस रहस्यमयी थ्रिलर में माधुरी एक ऐसे किरदार में दिखेंगी, जो पहले एक सीरियल किलर रह चुकी है और वर्षों जेल में काट चुकी है। कहानी तब नया मोड़ लेती है, जब पुलिस एक नए केस को सुलझाने के लिए उसी महिला की मदद मांगती है, जिसके अपराधों की छाया आज भी सिस्टम पर है। यह सीरीज सस्पेंस पसंद करने वालों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। ये सीरीज जियोहॉटस्टार पर शुक्रवार यानी 19 दिसंबर को रिलीज हो रही है।*

***एमिली इन पेरिस*** *: वहीं, ग्लैमर और हल्के-फुल्के रोमांस के शौकीनों के लिए 'एमिली इन पेरिस' नए सीजन के साथ लौट रही है। इस बार एमिली की जिंदगी पेरिस से आगे बढ़कर रोम पहुंचती है, जहां करियर की नई जिम्मेदारियां, नए लोग और प्यार की*



*उलझनें उसकी राह आसान नहीं रहने देतीं। फैशन, फन और फील-गुड ड्रामा एक बार फिर दर्शकों को बांधे रखने वाला है। नेटफ्लिक्स पर ये सीरीज गुरुवार को रिलीज हो रही है।*

***रात अकेली है*** *: थ्रिलर की बात करें तो 'रात अकेली है' एक बार फिर दर्शकों को छोटे शहर की अंधेरी गलियों में ले जाएगी। एक रहस्यमयी मौत, कई संदिग्ध और एक ईमानदार पुलिस अफसर—कहानी धीरे-धीरे परतें खोलती है और आखिर तक रोमांच बनाए रखती है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को रिलीज हो रही है।*

***फोर मोर शॉट्स प्लीज 4*** *: महिला दोस्ती और लाइफ स्ट्रगल्स पर आधारित 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का आखिरी सीजन भी इसी हफ्ते रिलीज हो रहा है। चार दोस्तों की यह कहानी करियर, रिश्तों और पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां हंसी के साथ इमोशंस का तड़का भी मिलेगा। ये सीरीज अमेजन पर 19 दिसंबर पर स्ट्रीम होने वाली है।*

***फॉलआउट सीजन 2*** *: साइंस-फिक्शन फैंस के लिए फॉलआउट का दूसरा सीजन तैयार है। न्यूक्लियर तबाही के बाद बचे लोगों की जद्दोजहद, रहस्यमयी वॉल्ट्स और खतरनाक दुनिया- इस सीजन में कहानी और भी गहरी होने वाली है। ये सीरीज अमेजन पर बुधवार यानी 17 दिसंबर पर रिलीज हो रही है।*

***द ग्रेट फ्लड*** *: कोरियन फिल्म 'द ग्रेट फ्लड' की, जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां कुदरत ने इंसान की बनाई हर व्यवस्था को तबाह कर दिया है। कहानी एक AI रिसर्चर अन्ना और उसके छोटे बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है। ग्लोबल बाढ़ के बाद पूरी पृथ्वी जलमग्न हो चुकी है और अब जिंदा रहने की जंग ऊंची इमारतों तक सिमट गई है। मां-बेटे का रिश्ता, तकनीक और इंसानी हौसले की यह कहानी भावनाओं और रोमांच से भरपूर है। साइंस-फिक्शन पसंद करने वालों के लिए यह फिल्म एक दमदार अनुभव साबित हो सकती है। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म 19 दिसंबर को स्ट्रीम हो रही है।*

# वो सुपरहिट गाना, जो बना हर आशिक की पहली पसंद

**मुंबई।** प्यार एक सुखद अहसास है। हर जवां दिल को पहले प्यार का अहसास 16-17 साल की उम्र में होता है। यह भी सच है कि पहला प्यार हमेशा अधूरा रह जाता है। प्यार की तड़प को गीतकार समीर ने समझा और फिल्म की सिचुएशन के हिसाब से गाने का रूप दिया। 1994 में ऐसी ही एक फिल्म दिलवाले आई थी, जिसमें अजय देवगन-रवीना टंडन और सुनील शेट्टी नजर आए थे। फिल्म का एक गाना 'जीता था जिसके लिए, जिसके लिए मरता था' आज भी हर टूटे दिल की पहली पसंद है। यह गाना गीतकार समीर ने लिखा था। म्यूजिक नदीम श्रवण का था। जब यह गाना रिलीज हुआ तो हर किसी ने अपने कलेजे में इस गीत का दर्द महसूस किया। गाने के बोल में दिल को चीरने वाले थे। कुमार सानू की आवाज और नदीम-श्रवण की धुन किसी की भी आंखों में आंसू ला देती है। हैरी बावेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी करण राजदान ने लिखी थी। इस फिल्म के 55 लाख ऑडियो कैसेट बिके थे। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट थे। दिलवाले 2 करोड़ के बजट में बनी थी। मूवी ने वर्ल्ड वाइड 12 करोड़ का कलेक्शन किया था। यह एक सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी।



## आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं दर्शक

# गब्बर सिंह से रहमान डकैत तक पर्दे पर छाए ये खलनायक किरदार

*नई दिल्ली। भारतीय दर्शक फिल्मों के अंत में हमेशा एक विलेन को मरते या हारते हुए देखना चाहती है। सालों से यही फॉर्मूला हिट होता आया है लेकिन अब लगता है वक्त बदल रहा है। थिएटर्स में विलेन की एंट्री पर तालियां बज रही हैं, उसकी हिंसा दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। वहीं उसके डायलॉग मशहूर हो रहे हैं। इतना ही नहीं, विलेन पर फिल्माए गए गाने सोशल मीडिया पर आग की तरह फैलते हैं। हाल की बात करें तो धुरंधर में रहमान डकैत के रोल में नजर आने वाले अक्षय खन्ना भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। खासकर उन पर फिल्माया गया गाना और उनके द्वारा बोले गए डायलॉग इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। इससे साबित होता है दर्शक एक आकर्षक कैरेक्टर और स्वैग वाले विलेन को पसंद कर रहे हैं भले ही उसका इरादा गलत हो।*

### रहमान डकैत (धुरंधर, अक्षय खन्ना)

धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का पावरफुल किरदार निभाया है। इस फिल्म से अक्षय का डांस काफी वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर इसने खूब चर्चा बटोरी। खास बात यह है कि इस डांस को अक्षय ने खुद कोरियोग्राफ किया और डायरेक्टर से इस पर थोड़ा सा डांस करने की इजाजत उसी मूमेंट पर मांगी। कुछ ही सेकंड का यह डांस सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। फिल्म में रणवीर सिंह ने लीड रोल प्ले किया है और अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत का। अक्षय की बेहतरीन एक्टिंग और स्वैगी अवतार दर्शकों का दिल जीत रहा है।

**अलाउद्दीन खिलजी (पद्मावत, रणवीर सिंह) :** रणवीर सिंह ने पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी का किरदार प्ले किया था, फिल्म में उनकी पावरफुल एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता था। इस पीरियड ड्रामा में शाहिद कपूर ने लीड रोल प्ले किया था और दीपिका पादुकोण ने रानी पद्मावती का। फिल्म से रणवीर सिंह का खली बली गाना काफी वायरल हुआ था वहीं उनके खतरनाक लुक ने भी काफी चर्चा बटोरी थी। पद्मावत 2018 में रिलीज हुई थी।



**राहुल मेहरा (डर, शाहरुख खान) :** 1993 की मशहूर फिल्म डर में शाहरुख खान ने जुनूनी, हकलाने वाले स्टॉकर राहुल मेहरा का किरदार निभाया था, जो इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में किरण (जूही चावला) को परेशान करता है और उसके मंगेतर सुनील (सनी देओल) से टकराता है। राहुल का किरदार, जो क-क-किरण कैचफ्रेज से मशहूर हुआ, बहुत बड़ा हिट हुआ था। इस फिल्म में शाह रुख हीरो से ज्यादा लाइमलाइट लूट कर ले गए थे।

**गब्बर सिंह (शोले, अमजद खान) :** 1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक शोले में भी कुछ ऐसा ही हुआ जिसमें हीरो के साथ-साथ विलेन बने अमजद खान को भी उतनी ही शोहरत मिली। उनके डायलॉग और उनकी स्क्रीन प्रेजेंस आज 50 साल बाद भी दर्शकों का दिल जीत रही है।

### अबरार हक (एनिमल, रणबीर कपूर)

एनिमल में रणबीर कपूर ने लीड रोल प्ले किया था वहीं बॉबी देओल ने खतरनाक विलेन अबरार हक का। हालांकि फिल्म में बॉबी का एक भी डायलॉग नहीं हैं लेकिन उनकी पावरफुल एक्टिंग ने ही उनके किरदार में जान फूंक दी। फिल्म से बॉबी का जमाल कुडू डांस काफी वायरल हुआ था।

### राकेश महदकर (एक विलेन, रितेश देशमुख)

सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख स्टारर एक विलेन एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर थी जिसमें रितेश ने राकेश नाम के एक साइको किलर का किरदार निभाया था। वह उन औरतों की जान लेता था जो अपनी बात मुखर तरीके से रखती थी। रितेश ने इस किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया था कि दर्शक उनके दीवाने हो गए। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवक उमेश ने मनाली में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में लिया भाग



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उमेश कुमार पिता गेन्दराम ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में अपने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। शिविर के दौरान उमेश ने संवाद कौशल, समस्या-समाधान क्षमता और नेतृत्व गुणों में अपनी क्षमता का विकास करते हुए देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अन्य प्रतिभागियों के साथ मिलकर सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझा और उसे आगे बढ़ाया। इस दौरान उमेश कुमार ने सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने की प्रेरणा प्राप्त की।

### लौह पुरुष सरदार पटेल की पुण्य तिथि पर कुर्मी समाज ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**पामगढ़।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर सर्व कुर्मी समाज द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल चौक चंडीपारा में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर व्यास वर्मा, फिरत राम कुर्मी, डॉ हेमंत कश्यप, उदल कश्यप, छोटू लाल कश्यप, दिनेश कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, राम लखन कश्यप, राजेश कुमार, गजेंद्र कश्यप, विजय कश्यप,शांतिलाल कश्यप, रूपेश कश्यप, मुकेश कश्यप सहित सामाजिक बंधुओ ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### हसौद में दो दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह कल से

**हसौद।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती के अवसर पर सतनामी समाज हसौद परिक्षेत्र द्वारा 18 एवं 19 दिसंबर को ग्राम हसौद के जय सतनाम तहसील परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन 18 दिसंबर को प्रातः 8 से 10 बजे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10 से 11 बजे तक गुरु वंदना एवं पूजन संपन्न होगा। दोपहर 1 से 6 बजे तक सतनाम संदेश यात्रा एवं ध्वजारोहण, रात्रि 8 से 9 बजे अतिथियों का उद्बोधन तथा रात्रि 9 बजे से स्कूली बच्चों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सतनाम भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। दूसरे दिन 19 दिसंबर को प्रातः 10 से 11 बजे गुरु वंदना एवं पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद 11 से शाम 5 बजे तक संविधान, सामाजिक एवं आर्थिक विषयों पर परिचर्चा, सत्संग तथा बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी। सायं 5 से 7 बजे समिति पदाधिकारियों एवं आमंत्रित अतिथियों का उद्बोधन तथा सायं 7 से 9 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से गायिका आरती बारले एवं लोक सांस्कृतिक कला मंच 'सुर-झंकार', भिलाई द्वारा सतनाम भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार धिरहे, उपाध्यक्ष तोहित बंजारे एवं नीरा बंजारे, सचिव गौतम भारद्वाज, सह-सचिव नंदलाल भारद्वाज एवं काजल सोना, कोषाध्यक्ष झमेंद्र भार्गव तथा सह-कोषाध्यक्ष भोजराम जांगड़े एवं संगीता भार्गव शामिल हैं।

### गोंडवाना गोंड महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**खरौद।** गोंडवाना गोंड महासभा खरौदराज के भुनेश्वर सिंह मरकाम अध्यक्ष बने। 13 दिसम्बर को चंडीपारा पामगढ के गोंडवाना भवन मे गोंडवाना गोंड महासभा खरौदराज परसाहीना के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राघवेन्द्र सिंह विधायक अकलतरा थे। अध्यक्षता श्रीमती शेषराज हरवंश विधायक पामगढ ने की। कार्यक्रम में नवल सिह, खेम सिह मरावी जयंती मार्को चंद्रभान सिह संरक्षक,परमेश्वर जगत पूर्व सभापति खरौदराज एवं उपकेन्द्र अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में भूनेश्वर सिह मरकाम अध्यक्ष, खिलेन्द्र मरावी, संतोष खुशरो, देव सिह पोर्ते उपाध्यक्ष, जनीराम मरकाम सहसचिव, सुदर्शन मरावी सचिव, अनिल जगत सहसचिव, कोषाध्यक्ष विनय सिह नेताम, श्याम सुदर मरकाम, जयंती मार्को, खेम सिंह मरावी विशेष सलाहकार ,उत्तम सिह मरावी छबीलाल नेताम, दशरथ सिह सिरसो बलराम मरकाम, घनश्याम पोर्ते संगठन मंत्री बजरंग मरावी, संपत सिह पोर्ते ,कृष्ण कुमार खुशरो, डॉ. किर्तन मरावी, संतोष जगत, धनीराम जगत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर जगत,जनीराम मरकाम एवं आभार प्रदर्शन सुदर्शन मरावी ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में जिले के अलावा बिलासपुर, सक्ती, रायगढ, बलौदा, कोरबा से समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही परेशानी

# देवरी से अमरुवा तक सड़क जर्जर, जगह-जगह बने गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव



सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देवरी से अमरुवा तक बना सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सड़क पर डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह निकल चुका है और गिट्टियां बिखर गई हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से आवागमन में ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज अपनी बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। निर्माण के महज कुछ वर्षों के भीतर ही सड़क की हालत इतनी खराब हो जाना विभागीय कार्यप्रणाली और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग पांच वर्षों में इस सड़क की कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार मरम्मत के कुछ ही महीनों बाद सड़क फिर से उखड़ जाती है। वर्तमान में सड़क पर डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह निकल चुका है और गिट्टियां बिखर गई हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन करना बेहद कठिन हो गया है। इस सड़क से रोजाना स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों और आम ग्रामीणों का आना-जाना होता है। गड्ढों और उखड़ी गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बार-बार मरम्मत के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस जर्जर सड़क को जल्द से जल्द नई सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि उखड़ी गिट्टियों और गड्ढों से होने वाली परेशानियों से क्षेत्र के आम नागरिकों को राहत मिल सके।

### विधायक ने विधानसभा में उठाया रेत घाट का मुद्दा

**जांजगीर-चांपा** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन विधायक ब्यास कश्यप ने रेत घाट के संचालन के संबंध में विधानसभा में सवाल पूछे। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न पूछा कि जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत छ.ग. गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2023 अनुसूचित क्षेत्र नियम के तहत छ.ग. में कुल कितने रेत घाट स्वीकृत हैं और उनको कितने वर्ष के लिए पट्टे पर दिया गया है? पट्टेदार के नाम सहित जानकारी मांगी गई। उन्होंने पूछा कि क्या गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 अनुसूचित क्षेत्र नियम लागू हो जाने पर छ.ग. गौण खनिज नियम साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2023 (अनुसूचित क्षेत्र) के रेत खदानों को 2023 में अनुबंध को निरस्त किया गया है? उपरोक्त अतारांकित प्रश्न के जवाब में बताया कि जिला जांजगीर-चांपा में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2023 के तहत कोई भी रेत घाट स्वीकृत नही है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नही होता है। पी.एम. सूर्यघर योजना में कितने हितग्राहियों को अनुदान प्राप्त हुआ। जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के संबंध में विधानसभा में सवाल पूछा।





प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करती जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अतिथिगण।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला हिंसा एवं उत्पीड़न रोकने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

■ सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

ज्ञान गंगा संकुल संगठन पामगढ़ के कार्यालय परिसर चंडीपारा में सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र सीएमटीसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी के द्वारा किया गया। प्रथम चरण में उक्त प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से विकासखंड पामगढ़ अंतर्गत कार्यरत 35 ग्राम संगठन सहायिकाओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुआ।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान गुलाब सिंह चन्देल, यशवंत साहू मंडल अध्यक्ष पामगढ़, विश्वनाथ प्रताप यादव मंडल अध्यक्ष मुलमुला, मानेश जांगडे, रूपचंद साहू, अश्वनी कुर्रे,श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े, उपेंद्र दुबे जिला मिशन प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मणिशंकर कौशिक मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़, श्रीमती रूपलता बुनकर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं पामगढ़, आकाश नारंग सहायक विस्तार विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत, रेशम लाल नामदेव प्रभारी डी.पी.जिला जांजगीर चांपा, सुनील कुमार बरमैया विकासखंड परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, इतवार सिंह कंवर क्षेत्रीय समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र पामगढ़ के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संबंध में महिला हिंसा व उत्पीड़न को रोकने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया। वहीं समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों का स्टॉल व प्रदर्शनी का अतिथियों के द्वारा भ्रमण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया।

## सालभर बाद जागा नगर पंचायत राहौद -मेंहदी मार्ग हुआ जगमग

**राहौद – मेंहदी।** राहौद मार्ग अब फिर से दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। सालभर पहले लगभग 15 लाख रुपये की राशि से सड़क दुर्घटना, सुरक्षित आवागमन व मार्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों की सुरक्षा दृष्टि से नगर पंचायत द्वारा ट्यूबरपोल स्ट्रीट लाइट मेंहदी -राहौद रोड पर लगाया गया था। जिससे राहौद - मेंहदी के लोगों व राहगीरों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन स्ट्रीट लाइटें अचानक बंद होने की वजह से यह मार्ग फिर से अंधेरा में डूब गया था। जिससे इस व्यस्ततम मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी सालभर बाद सुध लेते हुए ट्यूबरपोल में बिजली तार लगातार स्ट्रीट लाइट को जहां -तहां चालू कराया है।लंबे दिनों बाद स्ट्रीट लाइट चालू होने से तड़के सुबह मार्निंग वॉक पर निकलने वाले युवा , बुजुर्गों को भी अंधेरा से मुक्ति मिली है।



**अंडरग्राउंड वायरिंग को डेमेज करने वाले ठेकेदार पर सीएमओ नहीं कर सके कार्रवाई-** लाखों रूपये खर्च कर यह ट्यूबरपोल स्ट्रीट लाइट विस्तार कार्य नपं पंचायत द्वारा कराया गया। इससे तहत अंडरग्राउंड वायरिंग सिस्टम से मोटे विद्युत तार जमीन के अदंर लंबी दूरी तक बिछाया गया था। जिसे नल- जल योजना के ठेकेदार लाखों रुपये की इस शासकीय संपत्ति को खोदकर बड़ा नुकसान पहुंचाया है। खास बात यह है कि नपं के ट्यूबरपोल स्ट्रीट लाइट को नुक़सान पहुंचाने वाले ठेकेदार के उपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नपं सीएमओ के द्वारा नहीं किया गया है।जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ा। ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते हुए ट्यूबरपोल के ऊपर ओपन तार बिछाकर लाईट को चालू किया गया है।

### इंदिरा कला संगीत विश्वविद्याल खैरागढ़ की परीक्षा में 95 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बिर्रा।** इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्याल खैरागढ़ से संबद्ध शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा में सत्र 2025-2026 में 95 परीक्षार्थी परीक्षा दिलाएंगे । इस संबंध में शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के संचालक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सरगम संगीत समिति के द्वारा संचालित संगीत महाविद्यालय बिर्रा के अध्यक्ष आर के सोनवानी, एन आर भारद्वाज, प्राचार्य के आर कश्यप के मार्गदर्शन से संगीत का प्रचार प्रसार होने के कारण परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस सत्र में संगीत विद अंतिम में 10 परीक्षार्थी, संगीत विद प्रथम में 11 परीक्षार्थी, संगीत माध्यमा अंतिम में 30 परीक्षार्थी, संगीत माध्यमां प्रथम में 23 परीक्षार्थी, संगीत प्रथमा में 12 परीक्षार्थी एवं गीतांजलि में 9 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय में होगी। परीक्षा माह फरवरी 2026 में सम्पन्न होगी।

## पंथी नृत्य प्रतियोगिता में कोरमी पंथी पार्टी को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगाकोहरौद



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

■ आदर्श ग्राम भिलौनी में तीन दिवसीय सतनाम महोत्सव एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

गुरु पर्व के अवसर पर आदर्श ग्राम भिलौनी में तीन दिवसीय सतनाम महोत्सव एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 दिसंबर तक किया गया। सतनाम महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि इन्दु बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़ ने किया। अध्यक्षता रजनी देवी कांत सरपंच ग्राम पंचायत भिलौनी ने की।

विशिष्ट अतिथि दुजराम बौद्ध पूर्व विधायक पामगढ़, रामखिलावन दिनकर सचिव सतनामी समाज पामगढ़, संतोष यादव पूर्व सरपंच कोसीर, चंद्रप्रकाश यादव उपसरपंच भिलौनी उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि दाऊराम रत्नाकर पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रभारी बसपा एवं अध्यक्षता श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा तथा विशिष्ट अतिथि कमला खूंटे, मुकेश रात्रे अध्यक्ष सतनामी समाज पामगढ़ रहे। समापन दिवस गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ के मुख्य आतिथ्य एवं रोहित डहरिया पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रीति अजय दिव्य जिला पंचायत सदस्य, संतोषी मनोज रात्रे जिला पंचायत सदस्य, सिद्धार्थ कमल खूंटे उपाध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ उपस्थित थे। अतिथियों ने बाबा गुरू घासीदास के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डाला। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में 20 पंथी पार्टियों ने भाग लिया। उनके द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए कोरमी पंथी पार्टी बिलासपुर, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपए गुरु के संदेश पंथी पार्टी मुंगेली, तृतीय पुरस्कार 10 हजार बावनकेरा पंथी पार्टी महासमुंद, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार रूपए सत के झंकार पंथी पार्टी ऐरमसाही मस्तूरी, पांचवां पुरस्कार 2500 रूपए संत के सहारा पंथी पार्टी बसना महासमुंद को प्रदान किए गए। प्रतीक स्वरूप मोमेंटो भी भेंट किए गए। गुरु गद्दी पूजा पं. बंशी निराला,पुनीराम बघेल एवं ललीत नवरत्न द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन रोहित डहरिया, रामखिलावन दिनकर एवं फिरत बघेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम कांत अध्यक्ष, रामचरण मधुकर उपाध्याय, दीपक दिनकर सचिव, सूर्यभान बर्मन कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र बघेल, बबलू लहरे, कलाराम बघेल, संतोष जांगड़े सहित उत्तम भारद्वाज,रथराम नारंगे, जीवन बर्मन, नारायण प्रसाद सिंह सहयोग रहा।

## विशेष शिविर में स्वच्छता का संदेश दे रहे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़



■ बारगांव में चल रहा विद्यानिकेतन स्कूल का सात दिवसीय विशेष शिविर

रासेयो इकाई विद्यानिकेतन उच्चतर माध्यम विद्यालय पामगढ़ का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बारगांव में 15 दिसंबर सोमवार को किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कुमारी बाई नट सरपंच बारगांव, मुख्य अतिथि श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े नगर पंचायत अध्यक्ष पामगढ़ के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सूरज कुमार नट सरपंच प्रतिनिधि आर के बंजारे प्राचार्य, शा महामाया उ मा वि पामगढ़ , रमेश भार्गव प्राचार्य , शा उ माध्यमिक विद्यालय भैंसों पामगढ़, गौरव तिवारी युवा नेता भाजपा, मनोबल सिंह जाहिरे, भूतपूर्व दलनायक रासेयो, ओम प्रकाश नारंग, एवं शा प्राथमिक शाला बारगांव के शिक्षकों के मार्गदर्शन से सम्पन्न कराया गया। विद्यालय परिवार से संचालक नरेंद्र कुमार पाण्डेय अशोक कुमार मिरे, प्राचार्य विद्या निकेतन उ माध्यमिक विद्यालय पामगढ़, दीपक प्रधान प्राचार्य ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़, अखिल शुक्ला विद्यालय विभाग प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार खूंटे, सह कार्यक्रम अधिकारी नेहा खरे, अंकित तिवारी,सुरेश साहू, संजना साहू , आशीष जायसवाल विद्यालय लेखपाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय को लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों की भागी दारी सराहनीय है। अंत में सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय संचालक ने कहा कि जितने भी स्वयंसेवक विद्यालय द्वारा से आए हैं वे सभी अपने व्यवहार से स्कूल की विशिष्ट छवि का प्रदर्शन करेंगे आप सभी से यही आशा है।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



आतिशबाजी करते सौरभ सिंह एवं कार्यकर्ता।


भारतीय जनता पार्टी के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं बिहार के बांकीपुर से विधायक व परिवहन मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की उपस्थिति में आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अथवा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है एवं उनके नेतृत्व में ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव एवं पंचायत चुनाव में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता गर्व एवं हर्ष की अनुभूति कर रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पार्टी उत्तरोत्तर विकास की दिशा में नए सोपान तय करेगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा शास्त्री चौक में जमकर आतिशबाजी की गई एवं नगर वासियों को मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर विकास शर्मा, नानक रोहरा, गोपेश तुलस्यान, राजन केडिया, विपुल केडिया, सुमित सिंह चंदेल, उमाकांत भारते, आयुष शर्मा, अनिरुद्ध सिंह ,शेर खान ,संतोष दुबे, कान्हा अग्रवाल, आशुतोष शर्मा एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर करें त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों की जानकारी ली और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले नोडल अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने और अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को पूरी प्राथमिकता से इस कार्य को करने के स्पष्ट निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक मे कलेक्टर ने कई विभागों के इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और शेष बचे इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को जल्द से जल्द ऑपरेटिव कराने और ऑपरेटिव कराने के उपरांत ऐसी योजनाएं जो संचालित नहीं है कि राशि शासकीय कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रारंभ करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस का नियमित उपयोग कर फाइलों के शीघ्र निपटान पर जोर दिया।

